RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 14 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 109 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


# ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 24 घंटों में 17 मरीजों की मौत !

**ठाणे :** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को कहा कि ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 17 मरीजों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के साथ-साथ उम्र को भी इसका कारण बताया है। सावंत ने कहा कि अस्पताल के डीन को इस मामले में दो दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने मांगी रिपोर्ट




ठाणे नगर निकाय के एक अधिकारी ने कहा कि मौत के कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है और निकाय के कई अधिकारी रिकॉर्ड आदि का निरीक्षण कर रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या 18 बताई है।

ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया, पिछले 48 घंटों में 18 मौतें हुई हैं। जिन मरीजों की मौत हुई है उनमें से कुछ पहले से ही क्रोनिक किडनी रोग, निमोनिया, हृदय रोग, दीर्घकालिक फेफड़े के रोग, केरोसिन विषाक्तता, सड़क दुर्घटना और अन्य बीमारियों का इलाज करा रहे थे। मुख्यमंत्री ने मुझसे चर्चा की है, मैंने उन्हें इस बारे में जानकारी दी। मैंने इन मौतों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दे दी है। इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि मरीजों को उचित उपचार मिला या नहीं। मामले के संबंध में पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें पिछले 24 घंटों में 17 मौतों की जानकारी मिली है। हमें बताया गया है कि प्रति दिन सामान्य आंकड़ा छह से सात है। उन्होंने कहा, अस्पताल प्रबंधन ने हमें बताया कि कुछ मरीज गंभीर अवस्था में वहां पहुंचे और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुछ बुजुर्ग थे। इतनी अधिक संख्या में मौतों के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हमने अस्पताल में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी है। सावंत ने कहा कि अस्पताल के डीन को पिछले 24 घंटों में 17 मौतों पर दो दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# ठाणे में 2.69 लाख रुपए के कफ सिरप का अवैध स्टॉक बरामद, FIR दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र से मिली बड़ी खबर के अनुसार, यहां के मुंबई से सटे ठाणे में पुलिस के एंटी-नार्कोटिक्स सेल ने एक घर से कफ सिरप का गैर-कानूनी स्टॉक बरामद किया है। वहीं इसकी कीमत 2.67 लाख रुपए बताई जा रही है।दरअसल एंटी-नार्कोटिक्स सेल ने बीते 10 अगस्त को शिकायतों और टिप-ऑफ के आधार पर शील फाटा इलाके के एक घर की सघन तलाशी ली थी। दरअसल तब चेकिंग के दौरान यहां पर दो तरह के कफ सिरप की 1,611 बोतलें मिली थीं। वहीं फ्लैट के मालिक सिमाब इस्माइल शेख के पास इन कफ सिरपों को स्टॉक करने और बेचने का लाइसेंस नहीं था। फिल्हाल फ्लैट मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जानकारी दें कि, बीते 27 मार्च को महाराष्ट्र पुलिस ने ठाणे जिले में एक फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली सिरप बनाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया था। तब इनके पास से जिले में 9।30 लाख रुपये की प्रतिबंधित नशीले ड्रग्स कोडीन युक्त बोतलें भी जब्त की थी।

# मुंबई में किराए पर अस्पताल लेगी बीएमसी

## 5 साल के लिए 500 करोड़ रुपए होंगे खर्च... पूर्वी उपनगर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी

**मुंबई:** पूर्वी उपनगर के विक्रोली, कांजुरमार्ग और भांडुप परिसर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बीएमसी किराए पर हॉस्पिटल लेगी। इसके लिए बीएमसी ने टेंडर जारी किया है, जिस पर 5 साल में 500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। विक्रोली के कन्नमवार नगर में स्थित क्रांतिवीर महात्मा फुले हॉस्पिटल जर्जर होने के कारण 2018 में बंद कर दिया था। इससे आसपास के नागरिकों को घाटकोपर व अन्य स्थानों पर जाकर इलाज कराना पड़ता है। अभी इस हॉस्पिटल में और 5 साल लग सकते हैं, इसलिए बीएमसी ने इसी एरिया में हॉस्पिटल भाड़े पर लेने का फैसला किया है। इससे इस एरिया के 8 से 9 लाख नागरिकों को फायदा होगा। यह पहली बार होगा जब बीएमसी किराए पर हॉस्पिटल लेगी।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि जो हॉस्पिटल किराए पर लेंगे, उसमें 100 से 150 बेड की क्षमता, 10 आईसीयू बेड और 20 एमआईसीयू बेड की सुविधा होनी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि यह हॉस्पिटल मौजूदा हॉस्पिटल के 5 किमी के दायरे में होना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि बीएमसी के कई अस्पतालों में



प्राइवेट संस्थाएं कई विभागों का संचालन करती हैं। जो हॉस्पिटल सामने आएगा, हम उसके स्टॉप, इक्विपमेंट सब लेंगे। यदि कुछ कमी रहती है तो उसकी व्यवस्था बीएमसी करेगी। इस हॉस्पिटल में कम दरों पर इलाज मुहैया होगा।

### 500 बेड का सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा

क्रांतिवीर महात्मा फुले अस्पताल बनने में 3 से 5 साल लग सकते हैं। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि म्हाडा ने अभी पिछले सप्ताह ही निर्माण कार्य की अनुमति दी है। बीएमसी ने म्हाडा की जमीन का उपयोग करने पर म्हाडा को 13,23 करोड़ का भुगतान किया है। अब पुराने महात्मा फुले अस्पताल को तोड़कर दो नई इमारतें बनाई जाएंगी। इनमें एक इमारत कर्मचारियों के रहने के लिए होगी, जबकि दूसरी इमारत में अस्पताल होगा। यह करीब 500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल होगा।

### एक तीर से दो शिकार

करीब 1 करोड़ 40 लाख मुंबईकरों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली बीएमसी पिछले 5 साल से बंद हॉस्पिटल की जगह अब किराए पर हॉस्पिटल लेगी। अब तक बीएमसी वहां के नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति उदासीन रही। जब बीएमसी को लगा कि महात्मा फुले हॉस्पिटल बनाने में अभी और 5 साल का समय लग सकता है, तब वह नींद से जागी और पहली बार हॉस्पिटल किराए पर लेने को तैयार हुई है। सूत्रों का कहना है कि अन्य प्रॉजेक्ट की तरह यहां भी सेटिंग हो सकती है। किसी करीबी का घाटे में चल रहे या बंद होने की कगार पर पहुंचे हॉस्पिटल को किराए पर लेने की योजना हो सकती है। इससे बीएमसी यह कह भी सकेगी कि हमने नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किराए पर हॉस्पिटल लिया और करीबी का भला भी हो जाएगा।

## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### भाग्य विधाता बनने की चाहत

इधर-उधर करते उम्र निकल गई। मेरा सयानापन बड़ी देर से जागा है। सोचता हूं, मैं यूं ही कब तक मतदाता बना रहूंगा? मेरे भीतर की भाग्य विधाता बनने की चाहत अकुलाने लगी है। इस बार मैं भी चुनाव लड़ने का सोच रहा हूं। वैसे भी, सोचने में कोई खर्च तो लगता नहीं है। मेरी यह मनोकामना सुनकर मेरे एक मित्र राय देते हैं कि मुझे मतदाताओं का रुझान देखकर अपनी पार्टी चुननी चाहिए। मैं उनसे कहता हूं, 'इस वोटर नाम के जीवात्मा का क्या भरोसा, वह शांत बना रहता है। बटन दबाने के समय तक अपना मन बदलता रहता है। ऐसे मन बदलुओं के भरोसे रहा तो मैं कहीं का नहीं रहूंगा। मुझे स्वयं निर्णय लेना है। वक्त कम है। इन मतदाताओं से चुनाव के बाद भी निपटा जा सकता है।' मित्र कहते हैं, 'लोकतंत्र में वोटर और सपोर्टर ही भगवान होते हैं। उनकी पूजा-अर्चना करनी चाहिए। आरती गानी चाहिए। मतदाताओं के प्रति आपकी यह दुर्भावना सर्वथा अनुचित है।' मैं कहता हूं, 'मजमे के सामने जो कहा जाता है, पीठ पीछे उसके विपरीत आचरण करना ही सच्ची राजनीति है। इसीलिए चुनाव आते ही कोई मोहब्बत की दुकान खोलकर बैठ जाता है और कोई गमले में मूली उगा कर दिखलाने लगता है। बात बनाने और जज्बात भड़काने में माहिर लोग लाल मिर्च और हरी मिर्च का रंग भी पहचानने लगते हैं। लाल और हरे टमाटर के भाव भी बताने लगते हैं। आज की जनसेवा उस थाली की तरह हो गई है जिसमें लाभ की रोटी और लोभ की सब्जी परोसी जाती है। इसके स्वाद के क्या कहने?' मित्र मुस्कुराने लगते हैं और कहते हैं, 'सचमुच आप सत्ता के संक्रमण का शिकार हो चुके हैं। आपकी आंखों में कुर्सी की कंजक्टिवाइटिस का संक्रमण साफ दिखलाई दे रहा है। सफलता आपके चरण चूमेगी।'

फिलहाल मेरी उम्मीदवारी का भविष्य कुल तीन बातों पर टिका हुआ है। पहली बात कि अभी सभी दलों में टूट-फूट जारी है। राष्ट्रीय किस्म के दल क्षेत्रीय पार्टियों से तालमेल कर रहे हैं। इधर के मेंढक उधर और उधर के इधर छलांग लगा रहे हैं। कभी किसी का पलड़ा भारी दिखता है, कभी किसी का। ऐसे हालात में चुनाव के वक्त तक किसका किससे गठबंधन हो जाए और कितनी सीटें समझौते की भेंट चढ़ जाएं, यह भगवान भी नहीं जानता। मैं जानने की कोशिश में हूं। इसलिए मेरा पहला प्रयास भारी पलड़े वाली झोली में गिरने का होगा। मैं डंडी मारने में लगा हुआ हूं। दूसरी और जरूरी बात है कि मैं अगले चुनाव में किस दल का प्रत्याशी बनूंगा, यह मात्र उस पार्टी द्वारा मुझको टिकट दिए जाने और मेरी उम्मीदवारी के आखिरी वक्त तक बचे रहने के बाद ही सुनिश्चित होगा। बात नंबर तीन, संभावना यह भी है कि मैं एक निर्दलीय, असंतुष्ट या विद्रोही उम्मीदवार के तौर पर मैदान में कूद पड़ूं, लेकिन इसकी उम्मीद न के बराबर है। मेरी निजी हैसियत इसकी अनुमति नहीं देती। मेरा इस देश की तमाम जर्जर और नवोढ़ा पार्टियों से मोलतोल जारी है। नए-नए गठबंधन तैयार हो रहे हैं। मैं किस दल का उम्मीदवार बनकर पैदा होने वाला हूं, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। लोगों को जल्दी ही खुशखबरी सुनने को मिलने वाली है। फिलहाल मैं प्रत्येक पार्टी से अपना जुगाड़ भिड़ा रहा हूं। अभी मैं अपनी डगमग निष्ठा की नाव पर बैठकर अपनी दावेदारी की सिन्नी सभी दलों में बराबर-बराबर बांट रहा हूं। सब पर प्यार लुटा रहा हूं। सभी के संपर्क में हूं। जो हत्थे चढ़ जाएगा उसी के गले पड़ जाऊंगा। चुनावी चंदा न देने वालों की खोपड़ियों जैसे मेरे सारे विकल्प खुले पड़े हैं। बहरहाल मैं प्रत्याशी बनने की ठान चुका हूं। मैंने कमर कस ली है। वादे करने, गारंटी देने, हाथ जोड़ने और पांव छूने का अभ्यास भी कर लिया है। मैं आगे चलकर जिस निर्वाचन क्षेत्र से भी लड़ूंगा-भिड़ूंगा, मेरी वहां के अज्ञात निर्वाचकों से साष्टांग गुजारिश है कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर मुझे एक मौका जरूर दें। दावा करता हूं कि जीत के उपरांत मैं सरकार बनाने की स्थिति में होने वाले दल का साथ देने वालों की लाइन में सबसे आगे खड़ा मिलूंगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कंपनी के सीएफओ और पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज...

मुंबई : एक कॉरपोरेट कंपनी के सीएफओ और पत्नी के खिलाफ दादर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। सीएफओ अपने ही कंपनी में पत्नी को नौकरी दिलाकर बिना ऑफिस आए वेतन दिला रहा था। इसकी जानकारी होने पर कंपनी की तरफ से एचआर ने शिकायत दर्ज कराई है।




दादर पुलिस स्टेशन में कंपनी के हेड एचआर जॉन परमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी कंपनी में सीएफओ रहे दिनेश भालोटिया ने अपनी पत्नी सबिता को एग्जीक्यूटिव टैक्स एंड कंप्लायंस के पद पर ज्वाइन कराया था। सबिता ने 1 फरवरी, 2021 को कंपनी ज्वाइन की और इस साल जुलाई तक काम करने के बदले 46 लाख रुपए सैलरी ली, लेकिन वह कभी ऑफिस नहीं आईं। पुलिस को दी गई शिकायत में जॉन परमार ने बताया है कि ऑफिस के स्टाफ से शिकायत मिल रही थी कि सीएफओ सभी से खराब तरीके से बात करते हैं, जिसके बाद सीएफओ को चेतावनी दी गई। चेतावनी के बाद भी सीएफओ ने अपना व्यवहार नहीं बदला। जब सीएफओ ने अपना रवैया नहीं बदला तो परमार ने सीएफओ के दस्तावेजों की जांच की और पाया कि उनके द्वारा दिए गए दस्तावेजों पर नाम अलग-अलग थे। सीएफओ का मासिक वेतन 4 लाख रुपए था और उसकी पत्नी का वेतन 1.69 लाख रुपए था। इस वेतन पर टीडीएस का भुगतान उन्हें करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इसका भुगतान नहीं किया। सीएफओ ने कंपनी को बताया कि उन्होंने टैक्स चुका दिया है, लेकिन जांच में यह झूठ पाया गया था। जब परमार ने सीएफओ का सीवी चेक किया तो उन्होंने पिछली कंपनी के रिकॉर्ड चेक किए तो पता चला कि सीएफओ ने वहां कुछ धोखाधड़ी की थी, जिसके कारण उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। पुलिस ने बताया कि सीएफओ को स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करने और टीडीएस फाइलिंग मामले में झूठ बोलने के आरोप में नौकरी से निकाला गया है। जब कंपनी ने सीएफओ के काम की जांच की, तो पता चला कि उनकी पत्नी के काम पर आने का कोई बायोमेट्रिक सबूत नहीं होने के बावजूद उन्हें वेतन के रूप में 46 लाख रुपए का भुगतान किया गया, जिससे कंपनी के साथ धोखाधड़ी हुई। अधिकारी ने बताया कि जब कंपनी को इस बात का पता चला तो परमार ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने सीएफओ और उसकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक बार फिर से बढ़ेगी १९ अगस्त के बाद से बारिश की तीव्रता



**मुंबई** : जुलाई महीने में मेघराज मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में जमकर बरसे। इतना बरसे कि आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। हालांकि, अब महाराष्ट्र में मानसून सुस्त पड़ गया है, बताया जा रहा है कि बारिश के लिए अनुकूल परिस्थिति नहीं बन रही है। ऐसा लग रहा है कि मेघराज रूठ गए हैं। ऐसे में मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में हाल फिलहाल मेघराज के बरसने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग ने यह भी संभावना जताई है कि १९ अगस्त के बाद से बारिश की तीव्रता एक बार फिर से बढ़ेगी।

मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, १९ से २४ अगस्त तक महाराष्ट्र के विदर्भ और उससे सटे मराठवाड़ा जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं २५ से ३१ अगस्त के बीच विदर्भ, कोकण, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ में बारिश की बौछारें देखने को मिलेंगी। इसके अलावा मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में औसत या भारी बारिश की संभावना कम है। महाराष्ट्र में जुलाई में अच्छी बारिश हुई थी। विदर्भ और कोकण में तो मूसलाधार बारिश हुई। लेकिन अगस्त की शुरूआत से ही बारिश गायब हो गई है। आईएमडी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक के.एस. होसलीकर ने बताया कि मानसूनी बारिश का यह ब्रेक २० अगस्त तक रहेगा। आईएमडी ने २० अगस्त के बाद राज्य में बारिश की वापसी की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने अगले चार सप्ताह के मॉनसून का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके मुताबिक, देशभर में पहले दो हफ्तों तक कई जगहों पर सामान्य से कम बारिश होगी, जबकि तीसरे और चौथे सप्ताह में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। यह पूर्वानुमान १२ अगस्त से ८ सितंबर तक के लिए है।

## रेल सुरक्षा बल के जवानों की सीटी करती है यात्रियों की सुरक्षा!

**बदलापुर** : बदलापुर रेलवे स्टेशन पर जब लोकल गाड़ी मुंबई से आती है तो उस समय स्टेशन से निकलने के लिए हद से ज्यादा भीड़ हो जाती है। इससे मुंबई की ओर तथा बीच के पुल पर अत्यधिक भीड़ हो जाती है। लोग ऑटोरिक्शा पकड़ने के लिए बिना सोचे-समझे पटरी पर कूद कर प्लेटफार्म नंबर तीन पर जाना चाहते हैं, तभी रेल सुरक्षा बल के जवानों की सीटी बजनी शुरू हो जाती है। रेल सुरक्षा बल की सीटी बजाने जैसी सतर्कता के कारण रेल यात्री सीधे पटरी पार नहीं करते हैं।

सुरक्षा बल के जवानों द्वारा ऐसा करने से शाम को पुणे-मुंबई की तरफ तेज गति से जाने वाली मेल, एक्सप्रेस, मालगाड़ी से रेल यात्रियों की सुरक्षा हो रही है। इसको देखते हुए यहां के रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक भेरू मारुति बामने ने रेलवे क्रासिंग को



रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात जवानों को सीटी बजाने का निर्देश दिए हैं। होता भी वही है। जैसे ही गाड़ी प्लेटफार्म एक व दो पर आती है प्लेटफॉर्म नंबर तीन से रेल सुरक्षा बल के जवानों की सीटी लगातार बजने लगती है रेल सुरक्षा बल की इस सतर्कता के चलते हादसे में कमी आई है। रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक वामने ने बताया कि रेलवे पदचारी पुल का प्रयोग न कर पटरी पार करने वाले 817 लोगों पर केस किया गया है। उन पर न्यायालय ने 2 लाख, 19 हजार 800 रुपए का आर्थिक दंड लगाया है।




# तीन चोर गिरफ्तार, 105 मोबाइल फोन जप्त



**नई मुंबई :** नई मुंबई की एपीएमसी पुलिस ने तीन ऐसे चोरों को गिरफ्तार किया है, जो पूरी प्लानिंग के तहत चोरी करते थे और चोरी के मोबाइल्स के कीमती पार्ट्स को बाजार में बेचकर अपना भरण-पोषण करते थे। दरअसल, कुछ दिन पहले नंदकुमार नाम के व्यक्ति ने एपीएमसी पुलिस स्टेशन में मोबाइल चोरी होने का मामला दर्ज करवाया था, जिसकी जांच करते हुए पुलिस ने तकनीकी तौर पर जब छानबीन की तो उसे आरोपियों के बारे में काफी जानकारी प्राप्त हो गई, जिसके बाद पुलिस ने अपने गुप्तचरों को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस विभाग की टीम ने एक गुप्तचर की मदद से तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उन्होंने नई मुंबई, मुंबई और उसके आस-पास के क्षेत्रों में अनेक घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की। जिसके पश्चात पुलिस ने उनकी निशानदेही पर करीब 105 मोबाइल फोन जप्त किए, जो कि विभिन्न कंपनियों के थे और इन लोगों ने चोरी की अनेक घटनाओं को अंजाम देकर जमा किए थे और उन्हे बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मोबाइल चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए हमारी तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी काम जारी रहेगा।

# उच्च शिक्षा निदेशक हुए सख्त, कॉलेजों पर गिरेगी गाज!

मुंबई, शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के प्रथम वर्ष की प्रारंभ तिथि तक नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन नहीं करानेवाले कॉलेजों पर किसी समय भी गाज गिर सकती है। इसे लेकर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. शैलेंद्र देवलाणकर सख्त हो गए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटीज को ऐसे कॉलेजों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इस आदेश के कारण नैक मूल्यांकन व पुनर्मूल्यांकन नहीं करानेवाले कॉलेजों की संबद्धता की मान्यता रद्द करने का प्रावधान यूनिवर्सिटी अधिनियम में है। इसलिए वास्तव में यूनिवर्सिटियों द्वारा राज्य के कितने कॉलेजों की संबद्धता रद्द की गई है, इसके आंकड़े कुछ ही दिनों में उपलब्ध हो सकेंगे।



महाराष्ट्र के सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त कॉलेजों के लिए नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद, कई कॉलेजों ने इसे नजरअंदाज कर दिया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन कराने के लिए बार-बार निर्देशित किया गया। इतना ही नहीं प्रथम वर्ष के प्रवेश को रोकने की चेतावनी भी दी गई थी। लेकिन इसे लेकर कॉलेजों की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. शैलेंद्र देवलाणकर ने २३ मई को एक परिपत्र जारी किया और प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटीज के कुल सचिवों को निर्देश दिया कि वे उन कॉलेजों की संबद्धता रद्द करें, जो यूनिवर्सिटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन नहीं कराते हैं। इसलिए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. देवलाणकर ने नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन के बिना कॉलेजों द्वारा शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ की शुरूआत तक मूल्यांकन की प्रक्रिया नहीं करने पर संबंधित कॉलेजों की संबद्धता रद्द करने का आदेश दिया है।

## शासन स्तर पर आयोजित की जाएगी बैठक...

**इस पृष्ठभूमि में शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के प्रथम वर्ष प्रारंभ तिथि तक जिन कॉलेजों का नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन नहीं हुआ है, उनकी संबद्धता समाप्त करने के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा की जानेवाली कार्रवाई के संबंध में शासन स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। इसलिए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. देवलाणकर ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को संबंधित कॉलेजों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।**

# ब्रांडेड दवाओं के गोरखधंधे पर लगेगी लगाम...

मुंबई : चिकित्सकों के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की ओर से २ अगस्त को नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके तहत अब चिकित्सकों को हर हाल में जेनेरिक दवाएं ही लिखनी होंगी। एनएमसी ने सख्त चेतावनी दी है कि नए नियम में यदि किसी तरह की कोताही बरती गई है, तो संबंधित चिकित्सकों के प्रैक्टिस लाइसेंस सस्पेंड कर दिए जाएंगे। इतना ही नहीं नए नियमों में अन्य दंड के प्रावधान भी किए गए हैं। एनएमसी के इस कदम से कथित ब्रांडेड दवाओं के गोरखधंधे पर लगाम लगेगी और जनता को राहत मिलने की उम्मीद है।



हिंदुस्थान में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में ३० से ८० प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं की गुणवत्ता और असर में कोई अंतर नहीं होता, लेकिन तमाम बड़ी कंपनियां ऊंची कीमत वाली दवाइयों को प्रिस्क्राइब करने के लिए कई ऑफर चलाती रहती हैं। वहीं ब्रांडेड दवाइयां आदमी की जेब पर भारी पड़ती हैं। ऐसे में जेनेरिक दवाइयां लिखने पर स्वास्थ्य पर होनेवाले खर्च में कमी आएगी। एनएमसी के इस फैसले से देश में ब्रांडेड दवाओं के गंदे धंधे पर लगाम लगेगी।

एनएमसी नियमों के अनुसार चिकित्सकों को जेनेरिक दवाएं ही लिखनी होंगी। इस आदेश का बार-बार उल्लंघन करने पर चिकित्सक का प्रैक्टिस करने का लाइसेंस एक विशेष अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा। साथ ही चिकित्सकों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे यदि किसी मरीज को दवाएं लिख रहे हैं, तो उसे स्पष्ट भाषा में लिखें, ताकि कोई भी पढ़ सके।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने आदेश दिया है कि दवाइयों के नाम अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में लिखे जाने चाहिए। अगर हैंडराइटिंग सही नहीं है, तो पर्ची को टाइप कराकर मरीज को प्रिस्क्रिप्शन दिया जाए। एनएमसी ने एक टेम्पलेट भी जारी किया है। इस टेम्पलेट का उपयोग नुस्खा लिखने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने आदेश में कहा कि अस्पतालों और चिकित्सकों को मरीजों को जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फामेर्सी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। मेडिकल छात्रों और जनता को उनके ब्रांडेड समकक्षों के साथ जेनेरिक दवाओं की समानता के बारे में शिक्षित करते हुए उनके प्रचार को बढ़ावा देना चाहिए।

# 58 लाख रुपए के कॉम्पैक्ट पावडर की हेरा-फेरी...

## छानबीन में जुटी पुलिस, ट्रांसपोर्टरों में फैला भय



**भिवंडी :** पंजाब से भिवंडी आया 58 लाख रुपए के कॉम्पैक्ट पावडर को ट्रक में लोडकर स्थानीय रहनाल गांव से हिमाचल प्रदेश ले जाने के दौरान पावडर की हेरा-फेरी करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नारपोली पुलिस ने ढाई माह बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। इस घटना के उजागर होने के बाद ट्रांसपोर्टरों में भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब राज्य के मोहाली स्थित नेक्टर लाइफ साइंस लिमिटेड नामक कंपनी से 58 लाख रुपए के कॉम्पैक्ट पावडर कंटेनर द्वारा भिवंडी तालुका के गोदाम बाहुल्य रहनाल स्थित मनीष कंपाउंड के एक गोदाम में उतारी गई थी। बाद में 3 से 16 मई 2023 के बीच जब यही माल रहनाल से हिमाचल प्रदेश के दामूवाला तहसील में पॉलिस्टर पावर इंडस्ट्रीज के लिए ट्रक में लोड कर उसे गंतव्य तक पहुंचाया गया, जिसकी कीमत 58 लाख 48 हजार 80 रुपए था। जब कॉम्पैक्ट पावडर पार्टी वाले ने बिक्री की तो पता चला कि उक्त पाउडर नकली है। नारपोली पुलिस ने इस मामले में प्रतीक जाधव की शिकायत पर 25 किलो वजन के 16 ड्रम व 10 किलो वजन के दो ड्रम पावडर की हेरा-फेरी का केस दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




# कल्याण में बीच-बचाव करने गए युवक पर चॉपर से हमला...



**कल्याण :** मेरी मां को तेरा भाई क्यों चिढ़ाता है? यह बात पूछने पर गुस्साए युवक ने अपने चार दोस्तों के साथ युवक के घर पहुंचा और जमकर मारपीट किया। मारपीट का बीच-बचाव करने गए एक युवक के ऊपर चॉपर से हमला कर दिया गया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। वारदात सीसी टीवी में कैद है। जिसके आधार पर कोलसेवाड़ी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण-पूर्व खडेगोलवाली का रहनेवाला आनन्द सिंह तोमर (26) की मां को आकाश का छोटा भाई चिढ़ाया करता था। आनन्द यही बात आकाश से पूछने उसके घर पर गया, जिससे वह आगबबूला हो गया और उसको सबक सिखाने के लिए एक ऑटोरिक्शे में बैठकर चार लोग धारदार हथियार के साथ रात दस बजे के दरम्यान आनंद के घर पहुंच गए और उसको मारने लगे, इस पर बचाने के लिए राम कनौजिया नामक एक युवक आ गया, जिसके ऊपर उन लोगों ने चॉपर से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। आनन्द की शिकायत पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने आकाश चव्हाण, साहिल मोरे उर्फ बिट्टया, राहुल गौड़ और तुषार बाल्मीकि नामक चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना की सारी वारदात वहां लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# अंधेरी ईस्ट में सस्ते हवाई टिकट का लालच देकर फ्रॉड...

## मुंबई पुलिस ने गिरोह का किया पदार्फाश




**अंधेरी :** साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर और नेटवर्क दोनों शामिल हैं. किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध कहलाता है. ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है. सस्ते हवाई टिकट बुक करने का लालच देकर नागरिकों को ठगने वाले गिरोह का मुंबई पुलिस ने पदार्फाश किया है. दरअसल, अमान्य कॉल सेंटरों के माध्यम से नागरिकों से धोखाधड़ी मामले पर मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 8 ने कार्रवाई की. गिरोह सोशल मीडिया के जरिए नागरिकों को सस्ते फ्लाइट टिकट दिलाने का लालच देता था.

**क्राइम ब्रांच यूनिट 8 ने मारा छापा**

राज तिलक रोशन (पुलिस उपायुक्त/ मुंबई क्राइम ब्रांच) की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के अंधेरी ईस्ट इलाके में यह सूचना मिली थी कि सरकारी कॉल सेंटर के जरिए अपराधियों की ओर से नागरिकों को ठगा जा रहा है. इस जानकारी के मुताबिक ही मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 8 पुलिस ने कॉल सेंटर पर छापा मारकर कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 28 लैपटॉप, 40 मोबाइल फोन, 2 राउटर और अपराध से जुड़े अन्य दस्तावेज बरामद किए. इस गिरोह से 7,29,000 रुपये की संपत्ति भी जब्त की गई है. गिरफ्तार हुए आरोपी ज्यादातर दिल्ली के रहने वाले हैं, वहीं कुछ मुंबई के भी हैं.

### 4 से 5 महीनों से हो रही थी ठगी- पुलिस

**पुलिस के मुताबिक, इसमें एक महिला आरोपी को नोटिस भी भेजा गया है. अधिकतर आरोपी युवा हैं. मास्टरमाइंड को छोड़कर सभी आरोपी सैलरी पर थे. अधिकतर विक्टिम कनाडा से हैं, कुछ विक्टिम इंडिया के हैं. 4 से 5 महीनों से ये ठगी शुरू की गई थी. अब तक पीड़ितों से अधिकतर संपर्क नहीं हो पाया है. डीसीपी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिस तरह से चीटिंग असली दुनिया में होती है, उसी तरह से चीटिंग ऑनलाइन भी होती है. साइबर क्राइम दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. इसी कारण से नागरिकों को किसी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए.**

# लगातार कटौती और नलों से आ रहे गंदे पानी से लोग परेशान




**नई मुंबई :** जलापूर्ति में हो रही लगातार कटौती और नलों से आ रहे गंदे पानी से नई मुंबई के लोग काफी परेशान हैं। कुछ इलाकों में गंदा पानी काफी समय से आ रहा है तो कुछ इलाकों में पिछले ३-४ दिनों से, वहीं पानी की कटौती होने से कोढ़ में खाज वाली स्थिति हो गई है। बताया जा रहा है कि देर से आए मानसून की वजह से नई मुंबई महानगरपालिका ने जलापूर्ति में कटौती शुरू कर दी थी, लेकिन अब जबकि मोरबी डैम का जलस्तर संतोषजनक है इसके बावजूद पानी में कटौती से लोगों में नाराजगी है।

तुर्भे स्टोर के स्लम में रहने वाले प्रजापति पाल, जुईनगर की विजया जोशी या फिर ऐरोली की पॉश बिल्डिंग में १९वीं मंजिल पर रह रहीं१ शोभिता जैन सभी एक ही समस्या से जूझ रहे हैं और वह समस्या है मटमैल पानी की। शोभिता जैन बताती हैं कि उनकी बिल्डिंग में फिलहाल २ घंटे पानी आता है, जबकि पहले २४ घंटे पानी आता था।

पीने के पानी के लिए उन्हें बाहर से खरीदना पड़ रहा है। प्रजापति पाल ऑटो चलाते हैं, उनका कहना है कि पूरे परिवार के लिए बिसलेरी खरीदना उनकी मजबूरी है। उनकी रोजमर्रा की कमाई का आधा हिस्सा पानी खरीदने में ही खर्च हो रहा है। बच्चों की सेहत का सवाल है इसलिए पानी खरीदना मजबूरी है। पेशे से टीचर सुनीता रावत को इस बात की नाराजगी है कि लगातार पानी की कटौती से उनकी पूरी दिनचर्या डिस्टर्ब हो जाती है। पानी का समय बदल गया है, लेकिन पानी की धार उतनी ही पतली है।

# मनपा अस्पतालों में मरीजों की तुलना में मैनपावर कम



**मुंबई :** मुंबई मनपा अस्पतालों में मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन मरीजों की तुलना में मैनपावर कम पड़ रहा है। दूसरी तरफ इंडियन मेडिकल काउंसिल के शर्त के मुताबिक, छह मरीजों की देखभाल का जिम्मा एक नर्स पर होना चाहिए। लेकिन मौजूदा समय में मनपा द्वारा संचालित अस्पतालों की स्थिति इस शर्त के ठीक विपरीत है। जानकारी के अनुसार, मनपा अस्पतालों में प्रति सौ मरीजों पर एक या दो नर्स ही सेवा दे रहीं हैं। इस भारी अंतर से मरीजों की देखभाल पर असर पड़ रहा है। ऐसे में म्युनिसिपल यूनियन ने मनपा के अतिरिक्त मनपा आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे से मांग की है कि उन्हें अस्पतालों की साफ-सफाई के साथ ही इस समस्या पर भी ध्यान देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो महीने से मुंबई मनपा के सभी अस्पतालों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त मनपा आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे ने मुंबई मनपा की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए सौ से अधिक बार विभिन्न अस्पतालों का दौरा किया है। साथ ही रोगियों की देखभाल और अस्पतालों में स्वच्छता को प्राथमिकता देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर मनपा प्रशासन अपनी पीठ थपथपा रही है। इन सबके बीच म्युनिसिपल यूनियन के महासचिव रमाकांत बने ने मांग की है कि प्रशासन को साफ-सफाई, मरीजों व कर्मचारियों के अनुपात और उनके बीच भारी अंतर पर भी ध्यान देना चाहिए। बने ने सुधाकर शिंदे को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर चर्चा के लिए समय देने का अनुरोध किया है। मुंबई की आबादी बढ़ने के साथ ही मनपा अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। अस्पतालों में बेड भरे रहते हैं। अक्सर देखे जाते हैं कि एक बेड पर दो मरीज रहते हैं। इतना ही नहीं बेड के नीचे और बरामदे में फर्श पर भी मरीज देखे जाते हैं।

# कुछ शुभचिंतक मुझे मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भाजपा की सोच-विचारधारा हमारे ढांचे में फिट नहीं बैठती : शरद पवार



**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि वे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कभी नहीं जाएंगे। कुछ शुभचिंतक उन्हें मानाने की कोशिश कर रहे हैं। पवार ने अजित पवार के साथ शनिवार को हुई गुप्त बैठक को लेकर भी सफाई दी। उन्होंने कहा कि भतीजे से मिलने में क्या बुराई है? महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के सांगोला में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए शरद पवार ने स्पष्ट रूप से कहा कि, इस संबंध में, हम बहुत स्पष्ट हैं कि चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में। जब हम (ठठढ के दोनों गुट) एक साथ थे या जब हम एक साथ होंगे, एक बात स्पष्ट है कि भाजपा की सोच और विचारधारा हमारे ढांचे में फिट नहीं बैठती है। पवार ने यह भी कहा कि कुछ शुभचिंतक उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे।

शरद पवार ने बिना नाम लिए कहा, हममें से कुछ (अजित पवार के नेतृत्व वाला राकांपा समूह) ने अलग रुख अपनाया है। हमारे कुछ शुभचिंतक यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हमारे रुख में कोई बदलाव हो सकता है। यही कारण है कि वे हमसे सौहार्दपूर्ण चर्चा करने की कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल अपने भतीजे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ शनिवार को पुणे में उनकी गुप्त बैठक के बारे में पूछे जाने पर, शरद पवार ने कहा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वह मेरे भतीजे हैं। भतीजे से मिलने में क्या बुराई है? यदि परिवार का कोई वरिष्ठ व्यक्ति परिवार के किसी अन्य सदस्य से मिलना चाहता है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। राकांपा प्रमुख ने यह भी कहा कि लोग राज्य की बागडोर महा विकास आघाड़ी को सौंपेंगे-जिसमें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा (शरद पवार समूह) और कांग्रेस शामिल हैं। शरद पवार ने रविवार को दिवंगत विधायक गणपतराव देशमुख की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए सोलापुर जिले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के साथ मंच साझा किया। अजित पवार ने पिछले महीने शिवसेना-भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि उनके गुट के आठ अन्य राकांपा विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी।

# 'पढ़ाई पर ध्यान दो', ट्यूशन टीचर की सीख से गुस्साया छात्र...

## चाकू से कर दिए ताबड़तोड़ वार





**मुंबई** : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के मीरा रोड पर हुई एक घटना में एक नाबालिग ने अपने पूर्व ट्यूशन टीचर पर जानलेवा हमला कर दिया. बताया जाता है कि टीचर से लड़के को पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहा था, जिसके बाद गुस्साए में उसने चाकू से पूर्व टीचर के पेट और पीठ पर कई वार कर दिए. यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जहां नाबालिग अपने टीचर राजू ठाकुर (26) के पेट में चाकू मारते हुए देखा जा सकता है. मुंबई पुलिस का कहना है कि वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया है. नाबालिग के खिलाफ आरोप तय नहीं किए गए हैं, अभी मामले की जांच की जा रही है. आरोपी नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. सीसीटीवी फुटेज में ऐसा दिख रहा है कि टीचर राजू ठाकुर, नाबालिग के हमले से बचने की कोशिश कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर हमलावर ताबड़तोड़ वार कर रहा है, वहां मौजूद लोग उसे रुकने के लिए कहते हैं, लेकिन वह तब तक चाकू मारता है, जब तक राजू ठाकुर जमीन पर गिर नहीं जाते. इसके बाद वह चाकू फेंककर वहां से चला जाता है. उसके जाने के बाद लोग घायल टीचर को अस्पताल लेकर जाते हैं. पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरे घटनाक्रम को लेकर जांच की जा रही है और लोगों से पूछताछ की जा रही है.

**लड़की से बातचीत करने से किया था मना**

पुलिस इस बात पर भी जांच कर रही है कि क्या टीचर ठाकुर ने नाबालिग को किसी लड़की से बात करने से रोका था और उसकी क्लास में पिटाई कर दी थी. पुलिस का कहना है कि ठाकुर ने नाबालिग छात्र को पढ़ाई पर ध्यान नहीं देने और लड़कियों के पास जाने पर डांटा था. टीचर ने उस लड़की से कहा था कि वह इस किशोर से बातचीत न करे और अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे. इससे नाबालिग नाराज हो गया था. पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कई लोगों से पूछताछ की जा रही है. इसके बाद आरोप तय किए जाएंगे.

# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, चार बाइक बरामद... 16 मामलों का खुलासा

**मुंबई** : मुम्बई की काशीमीरा पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो पेशे से मैकेनिक है और उसके ऊपर 16 मामले दर्ज है ।पुलिस ने उसके पास से 4 बाइक भी बरामद की है ।चोर का नाम मनोहर मिलिंद सावंत है और वह कांदिवली का रहने वाला है ।वह 7 जुलाई को जमानत पर आर्थर रोड जेल से बाहर आया था ।पुलिस को खबर मिली कि उनकी एरिया की चोरी बाइक नालासोपारा के निर्मल नगर में खड़ी है ।पुलिस ने तत्काल उस जगह पर पहुच कर सबसे पहले बाइक को कब्जे में ली ।जांच और तांत्रिक आधार पर मनोहर सावंत के नाम आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कर लिया है।

# शरद पवार और अजित पवार की मुलाकात की मुझे कोई जानकारी नहीं - फडणवीस



**मुंबई** : चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार की हुई गुप्त बैठक के बाद राज्य की गरमाई राजनीति पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है. रविवार को सोलापुर में मीडिया से बातचीत करते हुए फडणवीस ने कहा कि शरद पवार और अजित पवार की गुप्त मुलाकात की चल रही खबर के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान क्या चर्चा हुई है इसकी मुझे कोई जानकारी।

शरद पवार और अजित पवार के बीच कहा और कब मुलाकात हुई यह मुझे नहीं मालूम इसलिए इस पर मैं कुछ नहीं बोल सकता। शरद पवार और अजित पवार की मुलाकात पर देवेंद्र फडणवीस ने बोलना टाल दिए उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है.बतादें की शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम शामिल होने के बाद अचानक दूसरे गाड़ी में बैठककर एक उद्योगपति के घर पहुंचे जहाँ पहले से मौजूद चाचा शरद पवार से उन्होंने गुप्तगू मुलाकात की इसके बाद अपने गाड़ी में बैठकर चले गए. शरद पवार और अजित पवार के मुलकात के बाद एक बात फिर से राज्य की सियासत गरमाई हुई है.

**जुलाई में हुई थी राकांपा में फुट**

बीते जुलाई महीने में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ गई. थी भतीजे अजित पवार ने अपने साथ कुछ नेताओं के साथ सरकार में हिस्सा लेते हुए मंत्री पद की शपथ ली. इसके बाद लगातार कोशिश की जा रही है कि शरद पवार इस भूमिका को स्वीकार कर लें.भाजपा चाहती है कि भविष्य की राजनीतिक गणित को ध्यान में रखते हुए दोनों गुट एक हो जाएं. अजित पवार भी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं. इसी को लेकर अजित पवार ने शरद पवार से गुप्त मुलाकात की है.

# बम होने का फर्जी फोन कॉल करने का आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई** : मुंबई पुलिस को फोन कॉल कर शहर में कथित रूप से '100 किलोग्राम' का बम होने का फर्जी दावा करने के आरोप में 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी रूखसार अहमद ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उसने पिछले पांच महीने में विभिन्न शिकायतों एवं मुद्दों को लेकर मुंबई पुलिस के नियंत्रण कक्ष में 79 फोन कॉल किये हैं। उन्होंने बताया कि दर्जी का काम करने वाला रूखसार मानसिक रूप से अस्थिर लगता है। अपराध शाखा के अधिकारी के मुताबिक मालवणी निवासी रूखसार ने शनिवार देर रात पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कॉल कर कहा कि मुंबई में कहीं 100 किलोग्राम बम रखा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने फोन कॉल के आधार पर आरोपी के मालवणी में होने की जानकारी प्राप्त की और उसे गिरफ्तार कर लिया। उनके अनुसार इस प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

# मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान

## शहीद स्मारक पर राष्ट्रधुन का वादन किया गया

**ललितपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया गया है। इसी क्रम में द्वितीय दिवस पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के शहीद स्मारकों, स्थलों पर पुलिस बैंड के द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्रगीतों, भक्ति गीतों की धुनों के वादन के साथ शहीद वीर जवानों को याद किया गया।



## उज्जवला योजना में लाभार्थियों को मिलेगी सब्सिडी

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक किए जाने शासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थी मुख्य रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बन्धित होते हैं, जिन्हें निर्धारित मात्रा शर्तों के कम में ऑयल कम्पनियों द्वारा एलपीजी वितरकों के माध्यम से सिलेण्डर वितरित किये जाते हैं। उक्त लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाले सिलेण्डरों पर केन्द्र सरकार द्वारा भारी सब्सिडी का बहन किया जाता है। वर्तमान में ऑयल कम्पनियों द्वारा केन्द्रीय सब्सिडी का भुगतान आधार कैश ट्रांसफर कम्प्लाइन्ट (एसीटीसी) के माध्यम से आधार लिंक खातें में तथा बैंक कैश ट्रांसफर कम्प्लाइन्ट (बीसीटीसी) खाते में किया जाता है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना की शुद्धता एवं पारदर्शिता के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि अवशेष बैंक कैश ट्रांसफर कम्प्लाइन्ट (बीसीटीसी) लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक करा लिया जाए ताकि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खातों में पारदर्शी तौर पर अंतरित हो सके तथा वास्तविक लाभार्थी को ही उक्त सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सके।

# मिलावटखोरों का रहनुमा बना खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## नमूने को लैब से पास कराने के नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप

*__ललितपुर।__ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू द्वारा नगर पालिका क्षेत्र, सदर तहसील में छोटे-छोटे दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, निर्माण इकाई एवं किराना व्यवसायियों से सेम्पल भरने की धमकी देकर एवं खाद्य पंजीकरण के नाम पर रूपयो अवैध वसूली की शिकायत व्यवसायियों ने तत्कालीन सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनय कुमार अग्रवाल के सामने रखी। आरोप लगाया गया है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू किराना व्यवसायियों व छोटे खाद्य पदार्थों का निर्माण इकाई कर अपने परिवार का जीवन यापन करने को नमूना भरने व डरा धमका कर अवैध वसूली कर रहे थे।*

*साथ ही इनके द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर पंजीकरण/ लाईसेंस के नाम पर अवैध बसूली का शिकायत के भी आरोप लगाया। ऐसे में इनके द्वारा अवैध बसूली कर छोटे व्यवसायियों का उत्पीडन् सरकार की छवि को खराब करने की ओर इशारा कर रही है। वही व्यापारियों ने जिलाधिकारी को पंजीकृत शिकायती पत्रों एवं खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय को भी शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी।*



*सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने समस्त प्रकरण को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया, जिस पर जिलाधिकारी ने अरविंद साहू को माह मई में ही कार्यालय सम्बंध कर कड़ी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद साहू द्वारा मिलावट करने वाले मिलावटी व्यापारियों से साठ गांठ कर शासन द्वारा चलाए गए अभियान की सूचना भी लीक करने, शासन के अनुरूप कार्य न करने, विभागीय अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान को प्रभावित करने पर सहायक आयुक्त खाद्य-2 ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए विभागीय कार्यवाही के लिए आयुक्त खाद्य एवं औषिधि प्रशाधन विभाग लखनऊ को शिकायत जांच व विभाग के विरुद्ध क्रियाकलाप करने की रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। जिस पर तत्काल आयुक्त खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन लखनऊ ने विभागीय जांच को गंभीरता को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू को निलंबित कर चित्रकूट धाम मंडल के जिला बांदा सम्बद्ध कर दिया है। यह जानकारी चितरंजन कुमार सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने दी।*

# सीएचसी मड़ावरा में चिकित्सा अधिकारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मिले गायब

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मडावरा, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरा खुर्द, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोना एवं हेल्थ एण्ड बैलनेस सेंटर बम्होरी कला का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी मड़ावरा में चिकित्सा अधिकारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी गायब मिले। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सुबह 10.30 बजे सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मडावरा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय चिकित्सा अधिकारी डा.वीरपाल सिंह, डा.चंदा किचोलिया, स्टाफ नर्स वैशाली श्रीवास्तव, स्वास्थ्य कर्मी सपना देवी, राजकुमारी, सुपर वाइजर रामकिशोर, आयुष्मान मित्र अनिल यादव, वार्ड बॉय कृष्णा कांत रिछारिया व बीपीएम अनुपस्थित मिले। इस पर सीएमओ ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को



सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि जो भी एएनएम शासन की मंशा अनुरूप कार्य नहीं कर रही हैं, उनका वेतन रोकने एवम डेस बोर्ड में अंकित बिंदुओ के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय चिकित्सालय भवन के अंदर एक बाइक मिली। इस पर उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी का कोई भी वाहन चिकित्सालय में ना रखा जाए। निरीक्षण के समय एनआरसी में तीन बच्चे भर्ती पाए गए। यहां कार्यरत स्टाफ नर्स नवीना ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की उचित देखभाल की जाती है साथ ही पौष्टिक आहार भी बांटा जा रहा है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बम्होरी कला का निरीक्षण किया। इस दौरान धीरज कुमार सीएचओ उपस्थित मिले, उन्हें सीएमओ द्वारा निर्देशित किया गया कि वह संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार मुहैया कराए। एएनएम समता जैन दलपतपुर में सघन इंद्र धनुष के वैक्सीनेशन में गई हुई थी।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरा खुर्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वार्ड बॉय मुकेश कुमार एवं स्वच्छक प्रताप कुमार मौजूद मिले। इसके पश्चात नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट दुर्गा शंकर मौजूद थे, जिन्हें निर्देशित किया गया कि वह सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरा खुर्द में अपनी सेवाएं लोगों को प्रदान करें। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती भी मौजूद रहे।

# बोलेरो पेड़ से टकराई, पत्रकार समेत दो की मौत

## दो गम्भीर घायल जिला अस्पताल रैफर



**महरौनी (ललितपुर)।** महरौनी अंतर्गत ग्राम खिरिया लटकंजू के समीप अन्ना जानवर को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर एक बोलेरो कार पेड़ से जा टकराई, जिसमें सवार 4 युवकों में से 2 युवकों की मौके पर मौत, तो वही दो युवक जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार सुबह लगभग 5 बजे मड़ावरा की ओर से आ रही बोलेरो कार खिरिया लटकंजू के समीप एक अन्ना जानवर को बचाने के चक्कर मे पेड़ से जा टकराई। घटना की भीषण आवाज सुनकर आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे, उन्होंने राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी महरौनी भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने कार में सवार दो युवकों में नाराहट रोड महरौनी निवासी 30 वर्षीय अंशुल दुबे (पत्रकार) पुत्र स्व.राममिलन दुबे एवं मस्जिदपुरा निवासी 35 वर्षीय अजीज खान पुत्र डा.साबिर अली को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार में सवार दो ओर युवा नितिन खटीक पुत्र स्व भगवानदास खटीक उम्र लगभग 32 वर्ष एवम रवि खटीक पुत्र रमेश खटीक उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी कांशीराम आवास महरौनी को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया। नगर के एक साथ दो युवाओं के मौत की खबर सुन कर समूचे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों में का रो रो कर बुरा हाल है। महरौनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज उ.नि. विनीत कुमार एवं उ.नि. महेंद्र कुमार ने पुलिस कांस्टेबिल के साथ दोनों शवों का अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।




# भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने पार्टी से दिया इस्तीफा

## वे पार्टी में लंबे समय से आहत हो रही थी

भिड़। भारतीय जनता पार्टी की लहार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीलम शर्मा ने तमाम प्रोग्राम में हुई अपनी ऊपेक्षा से आहत होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस पर पार्टी पदाधिकारी उन्हें साधने की कोशिश कर रहे है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुखिया शिवराज सिंह के नाम लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा है विगत कई परसों से मैं भाजपा में सक्रीय हू। वर्तमान में महिला मोर्चा मण्डल लहार की अध्यक्ष हूं।विगत पिछले समय से पार्टी के विभिन्य कार्यकर्मों में मेरी उपेक्षा की जा रही है। इतना ही नहीं शुक्रवार 11 अगस्त को ही आयोजित जनदर्शन यात्रा एवं लाडली बहना सम्मेलन में मेरी पहुत उपेक्षा की गई। जब की प्रोग्राम हमारे लहार मंडल में ही आयोजित हो रहा था। उस में भी मेरी घोर उपेक्षा की गई है। इससे आहत होकर मैं अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम दिए पत्र में आगे कहा है माननीय मुख्यमंत्री जी आप प्रदेश की महिलाओं को अपनी बहन बता कर मंच से सम्मान देने की बात करते हैं। दूसरी तरफ आप की पार्टी में महिला पदाधिकारियों को सम्मान नही दिया जा रहा है। उनकी घोर उपेक्षा की जा रही है। इससे स्पष्ट होता है आप की कथनी और करनी में फर्क है।

पूंछे जाने पर उन्होंने कहा है कि पार्टी पदाधिकारियों के फोन आ रहे हैं लेकिन मैं अब किसी की नहीं सुनना चाहती। मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है अब स्तीफा स्वीकार करें या नहीं।

# संत शिरोमणि श्री रविदास जी ने दिया सामाजिक समरसता का संदेशः आलोक तिवारी





## पादुकाओं के किये दर्शन, जल और मिट्टी की अर्पित

**अशोकनगर ।** संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी के भव्य मंदिर का निर्माण सागर के बड़तुमा में किया जाएगा। यह मंदिर पूरे प्रदेश के नागरिकों और समाजों को एक सूत्र में पिरोने के लिए अनोखी मिशाल पेश करेगा। समरसता का संदेश देते हुए गांव-गांव की मिट्टी और जल एकत्रित किया जा रहा है। यह बात भा ज पा जिला अध्यक्ष ने विगत दिवस विकासखण?ड ईसागढ़ के ग्राम इमला में समरसता यात्रा का प्रवेश होने के अवसर पर व्यक्त किये। इस दौरान इमला में मध्यप्रेदश जन अभियान परिषद के सेक्टर क्र 4 की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा सामिति के अध्यक्ष कुमार संभव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने ड्रेस कोड में मंगल बाध्य यंत्रो द्वारा एवम प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर समरसता यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। संत रविदास जी के जयकारे लगाते हुए यात्रा प्रवेश की। ग्राम महाना, फुटेरा , छेलाई , कन्हेरा ,धुर्रा सहित सामिति के सदस्यो ने स्वागत किया । नगर परिसद ईसागढ़ में समरसता यात्रा के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामवासियों के साथ चरण पादुका पूजन और पुष्पवर्षा कर समरसता यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

साथ ही समरसता यात्रा के पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने संत रविदास जी के जयकारे लगाये। यात्रा के दौरान रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन कर पवित्र मिट्टी और जल भी रथ यात्रा में संग्रहित किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक अनिता जाटव ब्लॉक समन्वयक दय द्वारका पाठक ,मनोज यादव जिलामहामंत्री नंदलाल यादव जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव रामबाबू यादव वरिष्ठ भा ज पा नेता लखन रघुवंसी श्याम रघुवंशी दिलीप रघुवंशी ,मनोज शर्मा शिवराज रघुवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर अचानक पहुंचे कुसमी, अधिकारी कर्मचारियों में मचा हड़कंप



**सीधी।** जिले के कुसमी उपखंड क्षेत्र में सीधी अपर कलेक्टर राजेश शाही का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप का माहौल देखा गया अपर कलेक्टर के द्वारा उपखंड कार्यालय कुसमी तहसील कार्यालय,एसडीएम कुसमी कार्यालय का निरीक्षण किया गया एवं राजस्व संबंधी जानकारी लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है साथ ही मतदान कार्य को लेकर कई मतदान केंद्र निरीक्षण किया है ऐसे मौके पर तहसीलदार राजेश पारस नायब तहसीलदार साथ में थे जहां मतदान केन्द्रो के निरीक्षण में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए वही मीडिया ने जब विस्थापन के संबंध में क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई तब चर्चा करते हुए अपर कलेक्टर ने कहा है कि संजय टाइगर रिजर्व के विस्थापन प्रक्रिया मैं ऐसे परिवार जो वंचित है उसका क्या कारण है और पैकेज से आज दिवस तक वो क्यों वंचित हुए हैं इन सभी मुद्दों पर वो संवंधई जनो से बात करके जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया वहीं कुसमी के कई कार्यालयों में पहुंचकर निरीक्षण किया है।

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर पटपरा में आम आदमी पार्टी ने भरी हुंकार

## बिजली विभाग हो चुका है भ्रष्ट सरकार के इशारे पर कर रही काम जनता परेशान : अनेन्द्र मिश्रा राजन




**सीधी।** चुरहट विधानसभा में आम आदमी पार्टी एवं प्रदेश के संयुक्त सचिव तथा चुरहट के युवा नेता अनेन्द्र मिश्रा राजन द्वारा जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इसके पहले उन्होने बिजली की समस्या को लेकर चुरहट में बिजली विभाग का घेराव किए वहीं आज शुक्रवार को पटपरा बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर चेतावनी दिए कि जनता की समस्या बिजली को लेकर बेहद है यदि समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तो इसके लिए हम जनता के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए भी तैयार रहेंगे। इस दौरान पटपरा जेई को ज्ञापन देते हुए उन्होने समस्याओं से अवगत कराया साथ ही कहा कि बिजली बिल ज्यादा आ रही है लेकिन बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है। कई जगह ट्रांसफार्मर जले हैं वहीं पुरानी केविल से बिजली की सप्लाई की जा रही है जिससे जनता को आए दिन समस्याएं उठानी पड़ती हैं। कार्यक्रम के पहले विशाल जन सैलाव के साथ रैली के रूप में आप का रैली पटपरा बिजली विभाग कार्यालय के पास पहुंचा। इस दौरान आम आदमी के कई नेताओं का भारी हुजूम देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी की सहभागिता यह दिखा रही है कि आम आदमी के प्रति लोगों का रूझान चुरहट विधानसभा में कम नहीं है। इस कार्यक्रम में देखा गया कि हरिजन आदिवासियों सहित हर तबके के लोगों की भारी सहभागिता देखने को मिली है। बिजली विभाग को घेरने के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता अनेन्द्र मिश्रा राजन ने कहा कि बिजली विभाग आज भ्रष्ट हो चुकी है सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होने कहा कि जनता को बिजली नहीं मिल रही है लेकिन बिजली बिल का करंट जरूर लग रहा है। उन्होने कहा कि सैकड़ों आवेदन मेरे पास आए हैं जिसमें बताया गया है कि अमुक गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है। आखिर विभाग क्या कर रहा है उन्होने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह से निकम्मी सावित हो रही है। पहले कांग्रेस की सरकार से लोग त्रस्त थे अब भाजपा सरकार से और ज्यादा त्रस्त हो गए हैं। श्री राजन ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर पटपरा क्षेत्र अंतर्गत बिजली व्यवस्था मे सुधार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा इसके जिम्मेदार अधिकारी एवं सरकार होगी। उन्होने कहा कि अब प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि हम एक हजार रूपए बहनों को दे रहे हैं लेकिन बिजली का बिल तीन से पांच हजार रूपए हर घरों में पहुंच रहा है। एक तरफ वाहवाही दूसरी तरफ लुटेरो की सरकार बन गई है। महंगाई चरम पर हो गई है सब्जी का दाम भी बढ़ गया है आज दाल रोटी खरीदने के लिए भी गरीबों के पास पैसे नहीं हैं।

# अपराधियों के हौसले बुलंद मामूली विवाद पर दबंगों ने आदिवासी के साथ की मारपीट

## घर में घुसकर टागी लाठी डंडे से किया प्राण घातक हमला एक गंभीर तीन घायल

**सीधी।** जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक आदिवासी परिवार के साथ मारपीट करने का प्रकाश में आया है ।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उकसा निवासी कोल परिवार के ऊपर सुपेला गांव के करीब आधा दर्जन युवकों ने घर में घुस कर मारपीट की है ।पीड़ित की शिकायत पर अमिलिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।घटना के संबंध में बताया गया है कि पीड़ित आदिवासी युवक संतोष कोल एवं रचित पटेल के बीच बिजली समस्या को लेकर कुछ कहा सुनी हुई थी इसी बात को लेकर आरोपी रचित पटेल पहले तो वहां से चला गया फिर दो मोटर साइकिल में अपने 4 अन्य साथियों के साथ संतोष कोल के घर पहुँच कर हमला बोल दिया ।इस मारपीट की घटना में संतोष कोल पिता शंकर कोल,रामा कोल पिता छकौडी कोल,अजय कोल पिता रामा कोल एक महिला पर धारदार हथियार टांगी एवं लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसमें पीड़ितों को गंभीर चोटे आई है ।



# नपा अध्यक्ष के प्रयासों से सब्जी मंडी में 50 फीसदी कम हुआ किराया

**सीधी।** नगर पालिका परिषद द्वारा बाई पास मार्ग जोरौंधा में नवीन थोक सब्जी एवं फल मंडी का निर्माण कराया गया है ।मंडी का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है ।थोक सब्जी एवं फल मंडी का संचालन करीब दो महीने में शुरू करने की तैयारी भी है ।इसी वजह से नगर पालिका परिषद द्वारा थोक कारोबारियों को जगह आवंटित करने के लिए किराया एवं अमानत राशि का निर्धारण भी कर दिया गया था ।नगर पालिका परिषद द्वारा थोक मंडी में बनाए गए शेड के नीचे करीब तीन दर्जन चबूतरों का निर्माण कराया गया है ।नगर पालिका की ओर से चबूतरों के लिए अमानत राशि 50 हजार रुपए एवं प्रति माह किराया 6 रुपए वर्गफीट निर्धारित किया गया था ।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा द्वारा किराया एवं अमानत राशि में कमी के लिए प्रस्ताव लाया गया था ।जिसकी स्वीकृति मिल गई है ।अब सभी वर्ग के कारोबारियों को किराया 3 रुपए वर्गफीट देना पड़ेगा एवं अमानत राशि में अजा/अजजा, पिछड़ा वर्ग को 25 हजार रुपए ही जमा करना पड़ेगा ।




# शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता हड़ताल पर मचा हाहाकार

**सीधी।** सीधी प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत आने वाले समस्त उचित मूल्य दुकान के विक्रेता अन्न उत्सव के दिन से ही हड़ताल पर चले गए जिससे क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था चरमरा गई खाद्यान्न न मिलने से गरीब हितग्राहियों में हाहाकार मचा हुआ वही कुसमी ब्लाक अध्यक्ष राम शिरोमणि जायसवाल से मिली जानकारी अनुसार कई बार शासन प्रशासन को हमने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है जिस पर प्रदेश सरकार आज दिवस तक गंभीर नहीं हुई और हम सबकी मांगे पूरी नहीं हुई है जिसको लेकर समस्त कुसमी ही नहीं बल्कि प्रदेश भर विक्रेता अन्न उत्सव का बहिष्कार किए हुए हैं ।और अपनी पीओएस मशीन बंद करके पूर्ण रूपेण हड़ताल पर चले गए हैं इनका धरना प्रदर्शन जिला में जिला संगठन के नेतृत्व में चल रहा है देखना दिलचस्प होगा कि अपनी मांगों को लेकर कब तक सेल्समैन हड़ताल पर रहेंगे और क्षेत्र में क्या इसी तरह से खाद्यान्न को लेकर हाहाकार मचा रहेगा इस पर शासन प्रशासन क्या निर्णय लेती है ।



# राष्ट्र प्रथम की भावना व विचारों की पूंजी हमारी प्राथमिकता : निशान्त मिश्रा

## युवा मोर्चा ने की जिले में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक





**सीधी।** भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा व भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आह्वान पर व भाजपा जिला महामंत्री युवा मोर्चा जिला प्रभारी डॉ. मनोज मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशान्त मिश्रा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में जिले की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी विकाश मिश्रा ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम द्वीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता व पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत हुई। तत्पश्चात मुख्यातिथि व जिलाध्यक्ष के द्वारा आगामी कार्यक्रम तिरंगा यात्रा,नव मददाता सम्मेलन आदि कार्यक्रमों व महत्वपूर्ण विषयों पर सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष इंद्रप्रकाश गुप्ता,मनीष गौतम, शक्ति वर्मा,शिवम सिंह चौहान,जिला मंत्री सौरभ द्विवेदी, रत्नेश गहरवार,सतीश सोनी,सह कोषाध्यक्ष जितेन्द्र परिहार, कार्यालय मंत्री विक्रमादित्य मिश्रा,सह सोशल मीडिया प्रभारी मोनू कोरी,नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता,चुरहट मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल,खड्डी मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा,सेमरिया मंडल अध्यक्ष प्राणनाथ शुक्ला,बहरी मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, सोनवर्षा मंडल अध्यक्ष मुनिन्द्र शुक्ला,सिहावल मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता मिनाल,मझौली मंडल अध्यक्ष चन्द्रदेव चतुर्वेदी,व मंडल के महामंत्री एवं मंडल प्रभारी सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## अक्षय कुमार ने OMG 2 को अ सर्टिफिकेट मिलने पर जताई निराशा....

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की शानदार एक्टिंग से सजी फिल्म 'ओएमजी 2' इस शुक्रवार को रिलीज होने के साथ ही तारीफें बटोर रही है. अमित राय के निर्देशन में बनी ये फिल्म स्कूलों में यौन शिक्षा की वकालत की मजबूती से करती है. फिल्म का विषय ऐसा था कि इसे खासी मुसीबतों का भी सामना करना पड़ा. जहां पहले इस फिल्म में अक्षय भगवान शिव का रोल प्ले कर रहे थे तो वहीं फिल्म में बदलाव करते हुए उन्हें बाद में शिव के दूत के रूप में दिखाया गया. इसके साथ ही लोगों की भावनाएं आहत न हों इसके लिए भी फिल्म में कई बदलाव करवाए गए. जिसके बाद फिल्म को सीबीएफसी ने ए सर्टिफिकेट दिया. जिससे फिल्म के लीड एक्टर अक्षय कुमार खासे नाराज हैं. हाल ही में उन्होंने एक थिएटर में अपनी नाराजगी जाहिर की है.

# 'आप नयनतारा पर लट्टू हुए...', फैन के सवाल पर शाह रुख खान ने दिया ऐसा जवाब, जानकर लगेगा झटका!





हिंदी सिनेमा के किंग यानी शाह रुख खान अच्छे से जानते हैं कि उन्हें अपने चाहने वालों के साथ किस तरह कनेक्टेड रहना है। बिजी शेड्यूल के बावजूद शाह रुख अपने ट्विटर हैंडल पर आस्क एसआरके सेशन करते रहते हैं, जहां वह अपने फैंस द्वारा पूछे जाने वाले लगभग सभी सवालों के जवाब देते हैं। हाल ही में, शाह रुख खान ने अपने फैंस के साथ आस्क एसआरके सेशन किया। इस दौरान उनके फैंस ने कई मजेदार सवाल पूछे, जिसका किंग खान ने बहुत शानदार तरीके से जवाब दिया था। एक फैन ने शाह रुख से नयनतारा से जुड़ा ऐसा सवाल पूछ लिया, जिसके चलते किंग खान को फैन को चुप कराना पड़ा। दरअसल, एक फैन ने ट्विटर हैंडल पर शाह रुख खान से पूछा, ''नयनतारा मैम पर लट्टू हुए या नहीं।'' इस पर किंग खान ने जबरदस्त जवाब दिया। उन्होंने जवाब में कहा, ''चुप करो। दो बच्चों की मां हैं वो। हा हा।'' कुछ दिन पहले 'जवान' का 'जिंदा बंदा' गाना रिलीज हुआ था। आज शाह रुख खान ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे गाने के रिलीज की घोषणा की है। 'जवान' का दूसरा गाना 'चलेया' 14 अगस्त को रिलीज होगा। इस गाने में शाह रुख और नयनतारा का रोमांस देखने को मिलेगा। अरिजीत सिंह ने इस गाने को आवाज दी है।


# संस्कारी सुहाना

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री के पॉपुलर स्टार किड्स की चर्चा की जाए तो उसमें सुहाना खान का नाम जरूर शामिल होगा। जवान एक्टर शाह रुख खान की लाड़ली अक्सर लाइमलाइट का हिस्सा बनती रहती हैं। जल्द ही सुहाना खान मशहूर डायरेक्टर जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज के जरिए एक्टिंग की दुनिया में कदम रखते हुईं नजर आएंगी। इस बीच सोशल मीडिया पर सुहाना का एक लेटेस्ट वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक गरीब महिला उनसे पैसे मांगती हुई दिखाई दे रही है। इसके बाद शाहरुख की बेटी ने कुछ ऐसा कर दिया है, जो अब सुर्खियां बटोर रही हैं।



सुहाना खान एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वह किसी इवेंट को अटेंड करने के बाद वापस लौट रही हैं। ब्लैक कलर की वनपीस ड्रेस में सुहाना अपने किलर लुक से हर किसी का ध्यान खींच रही हैं।

वीडियो के आगे बढ़ने पर आप पाएंगे कि एक गरीब महिला सुहाना के पास आकर पैसे मांगती है, रोती बिलखती इस महिला देख शाहरुख की बेटी का दिल पिघल जाता है और वह फौरन उसे 500 रुपये के दो नोट निकाल कर दे देती हैं, जिसके बाद उस महिला की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता है। सोशल मीडिया पर सुहाना के इस नेचर की काफी तरीफ की जा रही और उनका ये वीडियो काफी तेजी वायरल हो रहा है। सुहाना खान के इस वीडियो को देखने के बाद फैंस सुहाना खान की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो पर कमेंट कर लिखा है कि- "मुझे ये काफी पसंद आया, इनमें कैसा भी घमंड नहीं है, शाह रुख ने शानदार संस्कार दिए हैं।" दूसरे यूजर ने लिखा है कि- "ये वाकई अच्छा है, वरना कई सेलिब्रेटी इन लोगों को इग्नोर कर के चले जाते हैं। इस तरह से तमाम लोग सुहाना की प्रशंसा में अलग-अलग तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।




# 'गदर 2' को मिल रहा है बेशुमार प्यार

**सनी** देओल और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर 2' बीते 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसमें तारा सिंह एक बार फिर पाकिस्तान में गदर मचा रहे हैं। वहीं पहले ही दिन 'गदर 2' ने सिनेमाघरों में धूम मचा दी है। दर्शकों में फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। ऐसे में इस फिल्म को साल की सबसे बड़ी ओपनिंग मिली है।

'गदर 2' ने पहले ही दिन धमाकेदार कमाई की है। दर्शकों में इस फिल्म के लिए जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सनी देओल के हर डायलॉग पर फैंस जमकर सीटियां बजा रहे हैं। वहीं 'उड़ जा काले कांवा' गाने पर थियेटर में दर्शक खुशी से झूम रहे हैं। ऐसे में सालों बाद दर्शकों में किसी फिल्म के लिए इतना क्रेज नजर आ रहा है। एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पुराने जमाने की याद आ गई, ऐसा ही उत्सव हुआ करता था सिनेमाहॉल के सामने। एक दूसरे यूजर ने लिखा कि गजब का जोश देखिए गदर 2 के लिए।

पाकिस्तान में गदर मचाते तारा सिंह को देखकर फैंस बेहद खुश हैं। इस फिल्म में पिता और बेटे की जोड़ी को फैंस बेशुमार प्यार दे रहे हैं। 'गदर एक प्रेम कथा' की तरह इस फिल्म को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। सिनेमाघरों में सनी देओल के साथ फैंस खुद भी 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहे हैं।

# गणपथ : पार्ट 1 में टाइगर-कृति की जोड़ी



**बॉलीवुड** अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री कृति सेनन की सुपरहिट जोड़ी गणपथः पार्ट 1 में नजर आयेगी। टाइगर-कृति की फिल्म 'गणपथ पार्ट 1' पिछले कुछ समय से सुर्खियों में है। टाइगर श्रॉफ और कृति सैनन ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म 'हीरोपंती' के साथ एक साथ डेब्यू किया था।अब यह जोड़ी 'गणपथः पार्ट 1' में वापस आ रही है।

टाइगर ने अपने और कृति की एक वीडियो अपने इंस्टा स्टोरीज पर पोस्ट किया। कैप्शन में टाइगर श्राफ ने लिखा, ऑल्मोस्ट टाइम पार्टनर। जवाब में कृति सैनन ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर री-पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि टाइम फ्लाइज!! ऑल ग्रोन अप अस!

पूजा एंटरटेनमेंट प्रस्तुत 'गुड कंपनी के सहयोग से निर्मित गणपथ पार्ट 1', विकास बहल द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज होगी।



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .